प्रेस नोट पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद दिनांक 13.11.2026

थाना ट्रोनिका सिटी पुलिस टीम द्वारा "ऑपरेशन प्रहार" के अन्तर्गत चेकिंग के दौरान अवैध गांजा की तस्करी करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 01 किलो 300 ग्राम अवैध गांजा बरामद।

दिनांक 12.11.2026 को थाना ट्रोनिका सिटी पुलिस टीम द्वारा "ऑपरेशन प्रहार" के अन्तर्गत चेकिंग के दौरान अवैध गांजा की तस्करी करने वाला अभियुक्त अरमान पुत्र जमील निवासी दौलतनगर थाना ट्रोनिका सिटी गाजियाबाद उम्र करीब 20 वर्ष को थाना क्षेत्र ट्रोनिका सिटी से गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से 01 किलो 300 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। उक्त बरामदगी के आधार पर थाना ट्रोनिका सिटी पर गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध धारा- 8/20 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया। अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछताछ का विवरण–

अभियुक्त ने पूछताछ के दौरान बताया कि मैं दिल्ली से चोरी-छिपे गांजा लेकर आता हूँ तथा गांजा की छोटी-छोटी पुडिया बनाकर महंगे दामों पर बेच देता हूँ तथा जो रूपये मिलते है, उससे अपने शौक पूरे करता हूँ। मैं गांजे को बेचने के लिए ट्रोनिका सिटी में आया था कि पुलिस चेकिंग में पकड़ा गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता–

अरमान पुत्र जमील निवासी दौलतनगर थाना ट्रोनिका सिटी गाजियाबाद, उम्र करीब 20 वर्ष।

बरामदगी का विवरण

01 किलो 300 ग्राम अवैध गांजा बरामद।

आपराधिक इतिहास/पंजीकृत अभियोग-

अभियुक्त के विरुद्ध थाना ट्रोनिका सिटी पर उपरोक्त सम्बन्ध में 01 अभियोग पंजीकृत किया गया है। अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

थाना ट्रोनिका सिटी पुलिस टीम।

थाना मुरादनगर पुलिस द्वारा चोरी करने वाले अभियुक्त को हिरासत में लिया गया, कब्जे से चोरी का इलेक्ट्रॉनिक सामान बरामद।

दिनांक 12.11.2026 को थाना मुरादनगर पुलिस द्वारा चोरी की घटना कारित करने वाले अभियुक्त अयान उर्फ जुबैर पुत्र शकील निवासी किरायेदार आड़त वाली गली सरना चौपला चौकी क्षेत्र चामुण्डा थाना मुरादनगर गाजियाबाद को हिरासत में लिया गया, जिसके कब्जे से इलेक्ट्रॉनिक सामान पंखा आउट डोर, दो ड्रायर फिल्टर ऐसी के, एक आयल रिसीवर ऐसी का, सोलर पैनल की चार प्लेट, एल्यूमीनियम के तार, सोलर पैनल कॉपर वायर कनैक्टर, इन्वर्टर बैट्री के तार कॉपर के, AC के कनैक्टिंग पाइप के 15 टुकडे(साइज 5/8), 07 टुकडे (साइड 2/8), 1.5 मीटर डिस्ट्रब्यूटर पाइप बरामद हुआ। उपरोक्त संबंध में थाना मुरादनगर पर सुसंगत धारा- 303(2)/317(2) बीएनएस के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछताछ का विवरण-

अभियुक्त ने पूछताछ करने पर बताया कि मैंने मुरादनगर के लक्ष्मण होटल की छत से उपरोक्त सामान की चोरी की थी और सामान को ले जाते समय पकड़ा गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता-

अयान उर्फ जुबैर पुत्र शकील निवासी किरायेदार आड़त वाली गली सरना चौपला चौकी क्षेत्र चामुण्डा थाना मुरादनगर गाजियाबाद, उम्र 19 वर्ष

बरामदगी का विवरण-

कब्जे से इलेक्ट्रॉनिक सामान पंखा आउट डोर, दो ड्रायर फिल्टर ऐसी के, एक आयल रिसीवर ऐसी का, सोलर पैनल की चार प्लेट, एल्यूमीनियम के तार, सोलर पैनल कॉपर वायर कनैक्टर, इन्वर्टर बैट्री के तार कॉपर के, AC के कनैक्टिंग पाइप के 15 टुकडे(साइज 5/8), 7 टुकडे (साइड 2/8), 1.5 मीटर डिस्ट्रब्यूटर पाइप बरामद।

आपराधिक इतिहास/पंजीकृत अभियोग-

अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध थाना मुरादनगर पर उपरोक्त घटना सहित चोरी के 02 अभियोग व 01 अभियोग आबकारी अधिनियम का पंजीकृत हैं। अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

कार्यवाही करने वाली टीम-

थाना मुरादनगर पुलिस टीम।

थाना मुरादनगर पुलिस टीम द्वारा अभियोग में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार।

दिनांक 12.11.2026 को थाना मुरादनगर पर वादिया द्वारा तहरीर दी गई कि अभियुक्त आशु द्वारा वादिया के साथ शारीरिक संबंध बनाना, फोटो वायरल करने की धमकी देना। वादिया को गर्भ ठहर जाने के उपरांत अभियुक्त आशु व उसके परिजनों के द्वारा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए षडयंत्र के तहत मेरठ में निजी नर्सिंग होम में ले जाकर गर्भपात कराना। जिसके सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना मुरादनगर पर तत्काल सुसंगत धारा 65(1)/89//351(3)/ 352/ 61(2) बीएनएस व 5L/6 पॉक्सो एक्ट के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया तथा अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम का गठन किया गया।

तत्पश्चात आज दिनांक 13.11.2026 को थाना मुरादनगर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना के आधार पर उपरोक्त अभियोग में वांछित अभियुक्त आशु पुत्र अशोक निवासी ग्राम हिसाली, थाना मुरादनगर गाजियाबाद को थाना मुरादनगर क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछताछ का विवरण-

अभियुक्त उपरोक्त ने पूछताछ करने पर बताया कि मेरा वादिया के साथ प्रेम-प्रसंग था, मैंने वादिया को बहला-फुसलाकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाये थे जिससे उसको गर्भ ठहर गया था, यह बात मेरे परिवार वालों को पता चल गयी थी, मैंने व परिवार वालों ने बदनामी के डर से उसको मेरे मित्र की टैक्सी में मेरठ नर्सिंग होम में ले जाकर उसका गर्भपात करा दिया था।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता-

आशु पुत्र अशोक निवासी ग्राम हिसाली, थाना मुरादनगर गाजियाबाद, उम्र करीब 23 वर्ष

आपराधिक इतिहास/पंजीकृत अभियोग-

उपरोक्त प्रकरण के संबंध में थाना मुरादनगर पर 01 अभियोग पंजीकृत है। अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

गिरफ्तार करने वाली टीम-

थाना मुरादनगर पुलिस टीम

थाना मोदीनगर पुलिस टीम द्वारा वाहन चोरी की घटना कारित करने वाले 02 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की गयी वैगनआर कार व घटना में प्रयुक्त कार बरामद।

दिनांक 10.11.2026 को थाना मोदीनगर पर वादी द्वारा तहरीर दी गई कि वादी की कार को मोदीनगर तहसील के पास से अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले जाना जिसके सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना मोदीनगर पर तत्काल सुसंगत धारा-303(2) बीएनएस के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया। अज्ञात अभियुक्त की गिरफ्तारी व चोरी के वाहन की बरामदगी हेतु पुलिस टीम का गठन किया गया।

तत्पश्चात आज दिनांक 13.11.2026 को थाना मोदीनगर पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान वाहन चोरी की घटना कारित करने वाले 02 अभियुक्तों 1.आसिफ पुत्र नूरदीन निवासी ग्राम मुरलीपुर थाना कंकरखेडा मेरठ 2.गुलफाम पुत्र गुलहसन निवासी ग्राम मुरलीपुर थाना कंकरखेडा मेरठ स्थाई पता ग्राम पोहल्ली थाना सरधना मेरठ को थाना क्षेत्र मोदीनगर से गिरफ्तार किया गया, जिनके कब्जे से चोरी की गई वैगनआर कार व घटना में प्रयुक्त कार बरामद। उक्त बरामदगी के आधार पर उपरोक्त अभियोग में धारा-317(2)/3(5) बीएनएस की बढ़ोतरी की गयी। अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछताछ का विवरण-

पूछताछ करने पर अभियुक्तगण ने बताया कि हम दोनों ने मिलकर उपरोक्त वैगनआर कार को मोदीनगर तहसील के पास से चोरी किया था जिसका इंजन बदलकर तथा नंबर प्लेट हटाकर छुपा रखी थी और आज हम इसका इंजन निकालकर बेचने की फिराक में थे कि पुलिस चेकिंग में पकड़े गये।

गिरफ्तार अभियुक्तगण के नाम व पता-

1.आसिफ पुत्र नूरदीन निवासी ग्राम मुरलीपुर थाना कंकरखेडा मेरठ, उम्र करीब 34 वर्ष

2.गुलफाम पुत्र गुलहसन निवासी ग्राम मुरलीपुर थाना कंकरखेडा मेरठ स्थाई पता ग्राम पोहल्ली थाना सरधना मेरठ, उम्र करीब 32 वर्ष

बरामदगी का विवरण-

कब्जे से चोरी की गई वैगनआर कार व घटना में प्रयुक्त कार बरामद।

आपराधिक इतिहास/पंजीकृत अभियोग-

उपरोक्त चोरी की घटना के सम्बन्ध में थाना मोदीनगर पर 01 अभियोग पंजीकृत है। अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

गिरफ्तार करने वाली टीम-

थाना मोदीनगर पुलिस टीम।